अमर उजाला २०|९|२४

# अमर उजाला पहुंचे 20 विद्यार्थी, जाना खबरों का सफर

संवाद

याद रहेगी ये मुलाकात

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32सी, चंडीगढ़ के लोक प्रशासन विभाग के 20 विद्यार्थियों ने पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 के अमर उजाला कार्यालय और प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने समाचार संकलन, संपादन और समाचार पत्र की कार्यप्रणाली और प्रकाशन व मुद्रण की जानकारी ली। इस दौरान विभाग की डॉ. शीना चड्ढा और ऋषिका मधायक मौजूद रहीं।